Tel/Fax No. 01382-222467
E-mail- dfolansd-forest-uk@nic.in
dfo_lansdowne@yahoo.com

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।

पत्रांकः 1113 / 12-1, दिनांक, कोटद्वार, 17 ,अक्टूबर, 2017.

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन।

विषयः- जनपद पौड़ी गढ़वाल में सिलोगी घनसाली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.53है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः- अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकरी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फारेस्ट कालौनी, उत्तराखण्ड, देहरादून का पंत्राक 1231/FP/UK/ROAD/9770/2015 दिनांक 06-10-2017.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र जो कि आपको सम्बोधित एंव इस कार्यालय को पृष्ठांकित है के साथ भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय क्षेत्रीय कार्यालय(उत्तर-मध्यक्षेत्र),देहरादून का पत्र सं0 08बी/यू0सी0पी0/06/23/2016/एफ0सी0/1121 दिनांक 26.9.2017 संलग्न प्राप्त हुआ है। अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकरी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा निर्देशित किया गया है कि वन भूमि हस्तान्तरण प्रकरण में प्रदत्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित शर्त की अनुपालन आख्या/चालन ऑनलाईन अपलोड किया जाये। उक्त पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार आपको क्षतिपूरक वृक्षारोपण एंव एन0पी0वी0 की धनराशि का डिमाण्ड नोट प्रेषित किया जा रहा है।

बिन्दु सं0 01- प्रत्यावर्तन भूमि के बदले 3.060है0 ग्राम-कठ्यी सिविल सोयम भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं उसके 10 वर्ष तक रखरखाव वसूली वर्ष 2017-18 हेतु निर्धारित दर के अनुसार रू0(3.060है0×253332.0है0)=775196.00 (रू0 सात लाख पिचहत्तर हजार एक सौ छयानवे मात्र) की धनराशि आपके द्वारा जमा की जानी है, तथा उक्त भूमि वन विभाग के स्वामित्व के बाहर है। अतः इसे वन विभाग के पक्ष मे जिलाधिकारी द्वारा हस्तान्तरण एंव नामान्तरण किये जाने के आदेश निर्गत करवाने का कष्ट करें।

बिन्दु सं0 02- भारत सरकार के पत्र सं0 5-3/2007-एफ0सी0 दिनांक 5.2.2009 के तहत दिये गये आदेशानुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य तथा भारत सरकार के उपरोक्त पत्र दिनांक 26.9.2017 द्वारा प्रदान की गई सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त सं0 7 के अनुसार एन0पी0वी0 की दर के अनुसार रू0(1.53×657000.0)=1005210.0 (रू0 दस लाख पांच हजार दो सौ दस मात्र) की धनराशि आपके द्वारा जमा की जानी हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त बिन्दु सं0 1,3,4,5,6,7,8,9,10, में भी भारत सरकार द्वारा दी शर्तों का अनुपालन कर पूर्ण आख्या उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी,
लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।

पत्रांक / दिनांकित।

प्रतिलिपिः- निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकरी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फारेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. जिलाधिकारी पौड़ी, गढ़वाल।

प्रभागीय वनाधिकारी,
लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Tel/Fax NO. 01382-228467
E-mail- dfolansd-forest-uk@nic.in
dfo_lansdowne@yahoo.com

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।

पत्रांकः- 2601/12-1 ,दिनांक, कोटद्वार, 21-2-, 2018.

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन।

विषयः– जनपद पौड़ी गढ़वाल में सिलोगी–घनसाली मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.530 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः– इस कार्यालय का पत्रांक 113/12–1 दिंनाक 17.10.2017, पत्रांक 2593/12–1 दिंनाक 20.02.2018, तथा आपका पत्रांक–453/21सी0 दिनांक 15–2–2018.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, उक्त मोटर मार्ग हेतु अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी, वन सरंक्षण, इन्दिरानगर फोरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में सिलोगी–घनसाली मोटर मार्ग में N.P.V की दर 8.45/है0 किया जाये, N.P.V की बढी हुई दर के अनुसार **(1.53×8450000=1292850.00) रूपये बारह लाख बयानवे हजार आठ सौ पचास की धनराशि संशोधित कर** पुनः प्रेषित कि जा रही है, जो कि आपके द्वारा जमा की जानी है। उपरोक्त के अतिरिक्त बिन्दु सं0 1,3,4,5,6,7,8,9,10, में भी भारत सरकार द्वारा दी शर्तों का अनुपालन कर पूर्ण आख्या उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।
संलग्न– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।

पत्रांक 2601/12-1 दिनांकित

प्रतिलिपिः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी, वन सरंक्षण, इन्दिरानगर फोरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।

V.S Lingwal

Scanned by CamScanner